Number of Pages in Booklet : 32
पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या
Number of Questions in Booklet : 70
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या

Serial No. of Booklet
पुस्तिका क्रमांक
340732

# Economics

## Subject Code/विषय कोड : 34

Roll No. of Candidate/अभ्यर्थी का अनुक्रमांक : ..........
OMR Serial Number/ओ.एम.आर. क्रमांक : ..........
Signature of Candidate/अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : ..........
Date of Examination/परीक्षा तिथि : ..........
Signature of Invigilator/वीक्षक के हस्ताक्षर : ..........

Time/समय : 75 Minutes/मिनिट्स        Maximum Marks/पूर्णांक : 70

### Instructions

1. Answer *all* questions.
2. *All* questions carry equal marks.
3. In this booklet, the questions from serial no. 1 to serial no. 10 are related to general awareness while questions from serial no. 11 to serial no. 70 are subject specific.
4. Each question has four alternatives marked as (A), (B), (C), (D).
5. Choose only one alternative as an answer of a question.
6. If more than one answer is marked, then it will be treated as wrong answer.
7. Candidate has to darken only one circle indicating the correct answer on the OMR sheet by using **BLUE/BLACK BALL POINT PEN**.
8. There is no provision of **Negative marking**.
9. Carrying Mobile phone in the examination hall is strictly prohibited. If any objectionable material is also found, then action will be taken as per University norms.
10. Please fill your Roll No. and other information carefully on OMR sheet. In case of any mistake on OMR sheet, candidate will be responsible.
11. If there is any difference between English and Hindi version of questions, then English version shall be correct.

### निर्देश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. इस प्रश्न पुस्तिका में क्रमांक 1 से क्रमांक 10 तक के प्रश्न सामान्य अभिज्ञान के तथा क्रमांक 11 से क्रमांक 70 तक के प्रश्न विषय-केन्द्रित हैं ।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर हैं जिन्हें क्रमशः (A), (B), (C), (D) से अंकित किया गया है ।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक विकल्प उत्तर के रूप में चुनिये ।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न का उत्तर गलत माना जाएगा ।
7. अभ्यर्थी को सही उत्तर हेतु केवल एक गोले को ओ.एम.आर. शीट पर **नीले/काले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
8. **नकारात्मक अंक** प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं है ।
9. मोबाइल फोन का परीक्षा हॉल में लाना पूर्णतया निषिद्ध है । साथ ही कोई भी अन्य वर्जित सामग्री मिलने पर विश्वविद्यालय के नियमानुसार कार्यवाही होगी ।
10. अभ्यर्थी अपना रोल नम्बर एवं अन्य जानकारियाँ ओ.एम.आर. शीट पर सावधानी से भरें । ओ.एम.आर. शीट पर कोई भी त्रुटि होने पर उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा ।
11. यदि प्रश्नों के हिंदी और अंग्रेजी रूपान्तरणों के मध्य किसी प्रकार का फर्क पाया जाता है, तब अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जाएगा ।

SEAL

**Space for Rough Work**

**कच्चे कार्य के लिए स्थान**

1. Which of the following states sends maximum MPs in the Parliament ?

(A) Tamil Nadu

(B) Bihar

(C) Uttar Pradesh

(D) Rajasthan

2. A cryogenic engine is used to launch a/an :

(A) Aeroplane

(B) Rocket

(C) Satellite

(D) Missile

3. Which fruit is grown in the largest area in India ?

(A) Banana

(B) Citrus

(C) Guava

(D) Mango

1. निम्नलिखित में से कौनसा राज्य संसद में सर्वाधिक सांसद चुनकर भेजता है ?

(A) तमिलनाडु

(B) बिहार

(C) उत्तर प्रदेश

(D) राजस्थान

2. क्रायोजेनिक इंजन का इस्तेमाल निम्नलिखित में से किसके प्रक्षेपण के लिए होता है ?

(A) Aeroplane

(B) Rocket

(C) Satellite

(D) Missile

3. निम्नलिखित में से कौनसा फल भारत में सबसे बड़े क्षेत्रफल में उगाया जाता है ?

(A) केला

(B) नीबू

(C) अमरूद

(D) आम

4. Which country has the largest number of post-offices in the world ?

(A) China

(B) India

(C) Germany

(D) Finland

5. Complete the series :

31, 29, 24, 22, 17, ..............

(A) 15

(B) 14

(C) 13

(D) 12

6. Deepu is brother of Aman. Neeta is sister of Shiva. Aman is son of Neeta. How is Deepu related to Neeta ?

(A) Son

(B) Brother

(C) Nephew

(D) Father

4. विश्व में किस देश में सर्वाधिक डाकघर हैं ?

(A) चीन

(B) भारत

(C) जर्मनी

(D) फिनलैंड

5. इस श्रृंखला को पूरी कीजिए :

31, 29, 24, 22, 17, ..............

(A) 15

(B) 14

(C) 13

(D) 12

6. दीपू अमन का भाई है । नीता शिवा की बहन है । अमन नीता का बेटा है । दीपू और नीता का आपस में क्या संबंध है ?

(A) बेटा

(B) भाई

(C) भतीजा

(D) पिता

7. If 'ROAST' is 'PQYUR' in certain code, the 'SLOPPY' is :

(A) MRNAQN

(B) NRMNQA

(C) UNQRRA

(D) RANNMQ

8. Antonym of word 'EXPAND' is :

(A) Convert

(B) Condense

(C) Congest

(D) Conclude

9. Find the *correctly* spelt word :

(A) Triggrd

(B) Trigered

(C) Triggered

(D) Trigerred

10. Find the word which *best* expresses the statement :

'One who devotes himself to pleasure.'

(A) Sadist

(B) Platonic

(C) Hedonist

(D) Poetic

7. किसी कूट में यदि 'ROAST' को 'PQYUR' लिखा जाता है, तो 'SLOPPY' को लिखा जायेगा :

(A) MRNAQN

(B) NRMNQA

(C) UNQRRA

(D) RANNMQ

8. 'EXPAND' का विपरीतार्थक है :

(A) Convert

(B) Condense

(C) Congest

(D) Conclude

9. सही वर्तनी वाले शब्द को छाँटिए :

(A) Triggrd

(B) Trigered

(C) Triggered

(D) Trigerred

10. निम्नलिखित वाक्य के लिए **सटीक** शब्द चुनिए :

'One who devotes himself to pleasure.'

(A) Sadist

(B) Platonic

(C) Hedonist

(D) Poetic

11. Economic goods are goods which :

(A) obey the laws of economics

(B) are scarce and limited in supply

(C) are tangible

(D) are available in the economy

12. Which of the following results in a shifting of the demand curve ?

(A) An increase in the tax on cigarettes leading to their fall in demand.

(B) Slashing of ad rates by a television channel resulting in a rise in the number of ads.

(C) Fall in the sales of Diwali crackers due to heavy rains and floods before Diwali.

(D) A rise in the electricity charges leading to a lesser consumption

11. आर्थिक वस्तुएँ वे वस्तुएँ हैं जो :

(A) अर्थशास्त्र के नियमों का पालन करती हैं

(B) जिनकी पूर्ति सीमित है और जो आवश्यकता से कम हैं

(C) स्पर्श की जा सकती हैं

(D) अर्थव्यवस्था में उपलब्ध हैं

12. निम्न में से किसका परिणाम माँग वक्र का विवर्तन होगा ?

(A) सिगरेट पर कर वृद्धि के कारण उसकी मांग में कमी

(B) एक टेलीविजन चैनल द्वारा विज्ञापन दरों में कमी से आने वाले विज्ञापनों में वृद्धि

(C) दिवाली पूर्व भारी बारिश और बाढ़ के कारण दीपावली पर पटाखों की बिक्री में कमी

(D) बिजली की दरों में वृद्धि के कारण कम उपभोग का होना

13. Which of the following has the lowest elasticity of supply ?

(A) Luxury goods

(B) Necessities

(C) Perishable goods

(D) Items that have the least budgetary allocation

14. When the income elasticity of demand for a good is negative, the good is :

(A) Normal good

(B) Luxury good

(C) Inferior good

(D) Giffen good

15. If marginal product is negative, it means that the :

(A) Total product is at maximum

(B) Average product is falling

(C) Average product is at maximum

(D) Average product is negative

13. निम्न में से किसकी पूर्ति की लोच सबसे कम है ?

(A) विलासिता की वस्तुओं की

(B) आवश्यकताओं की

(C) शीघ्र नाशक वस्तुओं की

(D) सबसे कम बजट आवंटन वाली मदें

14. जब किसी वस्तु की मांग की आय लोच ऋणात्मक है तो वह वस्तु है :

(A) साधारण वस्तु

(B) विलासिता की वस्तु

(C) हीन वस्तु

(D) गिफिन वस्तु

15. यदि सीमान्त उत्पादन ऋणात्मक हैं, तो इसका तात्पर्य है :

(A) कुल उत्पादन अधिकतम है

(B) औसत उत्पादन गिर रहा है

(C) औसत उत्पादन अधिकतम है

(D) औसत उत्पादन ऋणात्मक है

16. Which of the following curves is called envelope curve ?

(A) Long run total cost curve

(B) Long run average total cost curve

(C) Long run marginal cost curve

(D) Long run average variable cost curve

17. The intersection of the marginal cost curve and the average cost curve characterizes the point of :

(A) Minimum average cost

(B) Minimum marginal cost

(C) Minimum profit

(D) Maximum profit

16. निम्न में से कौनसा वक्र लिफाफा वक्र कहा जाता है ?

(A) दीर्घकालीन कुल लागत वक्र

(B) दीर्घकालीन औसत कुल लागत वक्र

(C) दीर्घकालीन सीमान्त लागत वक्र

(D) दीर्घकालीन औसत परिवर्तनशील लागत वक्र

17. सीमान्त लागत वक्र और औसत लागत वक्र का कटान बिन्दु बताता है :

(A) न्यूनतम औसत लागत को

(B) न्यूनतम सीमान्त लागत को

(C) न्यूनतम लाभ को

(D) अधिकतम लाभ को

18. In the long run, a perfectly competitive firm earns only normal profits because of :

(A) Product homogeneity in the industry

(B) Large number of sellers and buyers in the industry

(C) Free entry and exit of firms in the industry

(D) Both (A) and (B)

19. In which of the following markets the consumer surplus will be high ?

(A) Monopoly

(B) Monopolistic competition

(C) Oligopoly

(D) Perfect competition

18. एक पूर्ण प्रतियोगी फर्म दीर्घकाल में केवल सामान्य लाभ कमाती है क्योंकि :

(A) उद्योग में वस्तुएँ समरूप हैं

(B) उद्योग में क्रेताओं व विक्रेताओं की बड़ी संख्या है

(C) उद्योग में फर्मों का प्रवेश व बहिर्गमन स्वतन्त्र है

(D) (A) व (B) दोनों

19. निम्न में से किस बाजार में उपभोक्ता की बचत ज्यादा होगी ?

(A) एकाधिकार में

(B) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता में

(C) अल्पाधिकार में

(D) पूर्ण प्रतियोगिता में

20. The marginal productivity theory of distribution was propounded by :

(A) J.B. Clark

(B) Mrs. Joan Robinson

(C) David Ricardo

(D) J.M. Keynes

21. In the Ricardian rent theory, marginal land gives :

(A) Maximum rent

(B) Minimum rent

(C) Economic rent

(D) Zero rent

22. The demand for money for speculative motive depends on the :

(A) Current income

(B) Current price

(C) Current rate of interest

(D) Quantity of money

20. वितरण के सीमान्त उत्पादकता सिद्धान्त का प्रतिपादन किया गया :

(A) जे.बी. क्लार्क द्वारा

(B) मिसेस जॉन राबिन्सन द्वारा

(C) डेविड रिकार्डो द्वारा

(D) जे.एम. कीन्स द्वारा

21. रिकार्डो के लगान सिद्धान्त में, सीमान्त भूमि देती है :

(A) अधिकतम लगान

(B) न्यूनतम लगान

(C) आर्थिक लगान

(D) शून्य लगान

22. सट्टा उद्देश्य के लिये मुद्रा की माँग निर्भर करती है :

(A) चालू आय पर

(B) चालू कीमत पर

(C) चालू ब्याज की दर पर

(D) मुद्रा की मात्रा पर

23. Which one of the following is *not* stock variable ?

(A) Savings

(B) National Income

(C) Money Supply

(D) Foreign Currency Stock

24. The Personal income is equal to :

(A) National income – income earned but not received + income received but not earned

(B) National income – income received but not earned + income earned but not received

(C) National income + income earned and received – transfer payments

(D) National income + income received – transfer payments

23. निम्नलिखित में से कौनसा स्टॉक चर **नहीं** है ?

(A) बचतें

(B) राष्ट्रीय आय

(C) मुद्रा की पूर्ति

(D) विदेशी मुद्रा भण्डार

24. वैयक्तिक आय बराबर है :

(A) राष्ट्रीय आय – वह आय जो अर्जित की गई लेकिन प्राप्त नहीं की गई + वह आय जो प्राप्त की गई लेकिन अर्जित नहीं की गई

(B) राष्ट्रीय आय – वह आय जो प्राप्त की गई लेकिन अर्जित नहीं की गई + वह आय जो अर्जित की गई लेकिन प्राप्त नहीं की गई

(C) राष्ट्रीय आय + अर्जित की गई और प्राप्त की गई आय – हस्तान्तरण भुगतान

(D) राष्ट्रीय आय + प्राप्त की गई आय – हस्तान्तरण भुगतान

25. National income is equal to :

(A) NNP at current prices – Subsidy + Indirect taxes

(B) NNP at factor cost – Subsidy + Indirect taxes

(C) NNP at current prices – Indirect taxes + Subsidy

(D) NNP at current prices – Indirect taxes – Subsidy

26. A deflator is a technique of :

(A) adjusting for change in commodities

(B) accounting for increase in GNP

(C) accounting for decline in GNP

(D) adjusting for changes in price level

25. राष्ट्रीय आय बराबर है :

(A) चालू कीमतों पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पादन – अनुदान + अप्रत्यक्ष कर

(B) साधन लागत पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पादन – अनुदान + अप्रत्यक्ष कर

(C) चालू कीमतों पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पादन – अप्रत्यक्ष कर + अनुदान

(D) चालू कीमतों पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पादन – अप्रत्यक्ष कर – अनुदान

26. अवस्फीतिक (Deflator) वह तकनीक है :

(A) जो वस्तुओं में परिवर्तन को समायोजित करती है

(B) जो GNP में वृद्धि का लेखा-जोखा रखती है

(C) जो GNP में कमी का लेखा-जोखा रखती है

(D) जो कीमत स्तर के परिवर्तनों को समायोजित करती है

27. If MPS is 0.8, the value of multiplier will be :

(A) 5

(B) 2

(C) 1.25

(D) 2.5

27. यदि बचत की सीमान्त प्रवृत्ति 0.8 है, तो गुणक का मूल्य होगा :

(A) 5

(B) 2

(C) 1.25

(D) 2.5

28. In the classical model saving and investment are the function of :

(A) rate of interest

(B) rate of interest and income

(C) income

(D) price

28. प्रतिष्ठित मॉडल में बचत और विनियोग निम्नलिखित में से किसके फलन होते हैं ?

(A) ब्याज की दर

(B) ब्याज की दर और आय

(C) आय

(D) कीमत

29. Who estimated for the first time the National Income in India ?

(A) V.K.R.V. Rao

(B) Dadabhai Naoroji

(C) Gopal Krishna Gokhale

(D) Mahalanobis

29. भारत की राष्ट्रीय आय का अनुमान सर्वप्रथम किसने लगाया ?

(A) वी.के.आर.वी. राव ने

(B) दादाभाई नौरोजी ने

(C) गोपाल कृष्ण गोखले ने

(D) महलानोबिस ने

30. During stagflation :

(A) Prices rise only

(B) Prices, output and employment rise

(C) Prices rise but no increase in output and employment

(D) Prices and output both rise

31. The accelerator measures :

(A) The effect of consumption on investment

(B) The effect of investment on consumption

(C) The effect of investment on income

(D) The rate of growth of the National Income

30. स्टेगफ्लेशन के दौरान :

(A) कीमतें केवल बढ़ती हैं

(B) कीमतें, उत्पादन और रोजगार बढ़ते हैं

(C) कीमतें बढ़ती हैं लेकिन उत्पादन व रोजगार नहीं बढ़ते

(D) कीमतें और उत्पादन दोनों बढ़ते हैं

31. त्वरक मापक है :

(A) विनियोग पर उपभोग के प्रभाव का

(B) उपभोग पर विनियोग के प्रभाव का

(C) विनियोग के आय पर प्रभाव का

(D) राष्ट्रीय आय में वृद्धि की दर का

32. Super multiplier refers to :

(A) Budget multiplier

(B) Money multiplier

(C) Capital output ratio

(D) Interaction of the multiplier and the accelerator

33. If the marginal productivity of labour rises :

(A) the wages will come down

(B) the level of wages will go up

(C) the wages will remain constant

(D) there is no relation with wages

34. The *correct* sequence of the stages through which a trade cycle in an economy passes is :

(A) Depression, Inflation, Reflation, Disinflation

(B) Reflation, Disinflation, Inflation, Depression

(C) Depression, Reflation, Inflation, Disinflation

(D) Inflation, Depression, Disinflation, Reflation

32. अति गुणक बताता है :

(A) बजट-गुणक को

(B) मुद्रा गुणक को

(C) पूँजी-उत्पाद अनुपात को

(D) गुणक व त्वरक की क्रिया-प्रतिक्रिया को

33. यदि श्रम की सीमान्त उत्पादकता में वृद्धि होती है तो :

(A) मजदूरी कम हो जायेगी

(B) मजदूरी का स्तर बढ़ जायेगा

(C) मजदूरी स्थिर रहेगी

(D) मजदूरी से इसका कोई सम्बन्ध नहीं है

34. किसी अर्थव्यवस्था में व्यापार चक्र की विभिन्न अवस्थाओं का **सही** क्रम है :

(A) मन्दी, स्फीति, संस्फीति, विस्फीति

(B) संस्फीति, विस्फीति, स्फीति, मन्दी

(C) मन्दी, संस्फीति, स्फीति, विस्फीति

(D) स्फीति, मन्दी, विस्फीति, संस्फीति

35. In the statement, "The conceptual difficulties in National Income Comparisons between underdeveloped and industrialized countries are particularly serious because a part of the national output in various underdeveloped countries is produced without passing through the commercial channels." The author implies that :

(A) the entire national output produced and consumed in industrialised countries passes through commercial channels.

(B) no part of national output should be produced and consumed without passing through commercial channels.

(C) a part of the national output being produced and consumed without passing through commercial channels is a sign of underdevelopment.

(D) the existence of a non-commercialised sector in different underdeveloped countries.

35. "कम विकसित और औद्योगिक देशों के बीच राष्ट्रीय आय की तुलना में अवधारणा सम्बन्धी कठिनाइयाँ विशेष रूप से गम्भीर होती हैं क्योंकि विभिन्न कम विकसित देशों में राष्ट्रीय उत्पादन का एक भाग व्यापारिक गलियारों से गुजरे बिना ही उत्पादित कर लिया जाता है ।" इस कथन से लेखक का तात्पर्य है :

(A) औद्योगिक देशों में उत्पादन व उपभोग किया जाने वाला समस्त राष्ट्रीय उत्पादन व्यापारिक गलियारों से गुजरता है ।

(B) राष्ट्रीय उत्पादन का कोई भाग बगैर व्यापारिक गलियारों से गुजरे उत्पादित व उपभोग नहीं किया जाना चाहिये ।

(C) उत्पादन और उपभोग किये जाने वाले राष्ट्रीय उत्पादन के एक भाग का व्यापारिक रास्तों से न गुजरना कम विकास की निशानी है ।

(D) कम विकसित देशों में गैर-व्यापारिक क्षेत्र की उपस्थिति ।

36. Classical macro economic theory concludes that the changes in money supply affects :

(A) monetary variables in the economy

(B) real variables in the economy

(C) both the monetary and real variables

(D) neither monetary nor real variables

37. The Keynesian consumption function explains that as income increases :

(A) APC declines but MPC rises

(B) APC increases but MPC declines

(C) APC declines and MPC remains constant

(D) Both APC and MPC remain constant

36. प्रतिष्ठित समष्टिगत आर्थिक सिद्धान्त का निष्कर्ष है कि मुद्रा पूर्ति में परिवर्तन :

(A) मौद्रिक चरों को प्रभावित करते हैं

(B) वास्तविक चरों को प्रभावित करते हैं

(C) मौद्रिक व वास्तविक दोनों प्रकार के चरों को प्रभावित करते हैं

(D) न तो मौद्रिक और न ही वास्तविक चरों को प्रभावित करते हैं

37. कीन्सीय उपभोग फलन के अनुसार जब आय बढ़ती है तो :

(A) APC घटती है लेकिन MPC बढ़ती है

(B) APC बढ़ती है लेकिन MPC घटती है

(C) APC घटती है और MPC स्थिर रहती है

(D) APC और MPC दोनों स्थिर रहती हैं

38. When primary deposit is Rs. 10,000.00 and reserve ratio is 20%, then bank will create credit amounting to :

(A) Rs. 2,000.00

(B) Rs. 40,000.00

(C) Rs. 50,000.00

(D) Rs. 1,00,000.00

39. The concept of inflationary gap explains :

(A) Stagflation

(B) Cost-push inflation

(C) Demand-pull inflation

(D) Fluctuations in prices

40. In his theory of employment, Keynes :

(A) neglects induced investment

(B) neglects autonomous investment

(C) neglects consumption

(D) neglects savings

38. जब प्राथमिक जमा 10,000.00 रुपये है तथा रिजर्व अनुपात 20 प्रतिशत है तो बैंक द्वारा सृजित साख की राशि होगी :

(A) 2,000.00 रुपये

(B) 40,000.00 रुपये

(C) 50,000.00 रुपये

(D) 1,00,000.00 रुपये

39. स्फीति अन्तराल की अवधारणा स्पष्ट करती है :

(A) स्टेगफ्लेशन

(B) लागतजन्य मुद्रास्फीति

(C) माँगजन्य मुद्रास्फीति

(D) कीमतों में होने वाले उच्चावचन

40. अपने रोजगार सिद्धान्त में कीन्स :

(A) प्रेरित विनियोग की उपेक्षा करते हैं

(B) स्वायत्त विनियोग की उपेक्षा करते हैं

(C) उपभोग की उपेक्षा करते हैं

(D) बचत की उपेक्षा करते हैं

41. Which one of these qualities of money is essential before it can perform any of its functions :

(A) Acceptability

(B) Stability in value

(C) Durability

(D) Cognizability

42. In the demand function D = 50 – 3P, slope is :

(A) 50

(B) 47

(C) –3

(D) 3

43. $M_3$ is defined as :

(A) $M_1$ + demand deposits with banks

(B) $M_1$ + deposits of post offices savings bank

(C) $M_2$ + time deposits of the banks

(D) $M_1$ + time deposits of commercial banks

41. मुद्रा के लिये अपना कोई भी कार्य करने से पहले निम्नलिखित में से कौनसा गुण आवश्यक है :

(A) स्वीकृति

(B) मूल्य में स्थिरता

(C) टिकाऊपन

(D) पहचान

42. माँग फलन D = 50 – 3P का ढाल है :

(A) 50

(B) 47

(C) –3

(D) 3

43. $M_3$ को परिभाषित किया जा सकता है :

(A) $M_1$ + बैंकों के पास माँग जमायें

(B) $M_1$ + पोस्ट ऑफिस सेविंग्स बैंक की जमायें

(C) $M_2$ + बैंकों के पास समय जमायें

(D) $M_1$ + व्यापारिक बैंकों के पास समय जमायें

44. According to Keynes, there is speculative demand for money, because :

(A) People like to speculate in the stock market

(B) Money, at times, may be a better store of value than long-term bonds

(C) People prefer cash

(D) Money always provides a certain higher return than long-term bonds

45. Which of the following is *not* a development bank ?

(A) NABARD

(B) Industrial Finance Corporation of India

(C) State Bank of India

(D) Export-Import Bank of India

44. कीन्स के अनुसार, मुद्रा के लिये सट्टा माँग रहती है, क्योंकि :

(A) स्टॉक मार्केट में लोग सट्टा करना पसन्द करते हैं

(B) कभी-कभी, मुद्रा दीर्घकालीन बॉण्ड्स की अपेक्षा वैल्यू को स्टोर करने के रूप में अच्छी रहती है

(C) लोग नकद रखना अधिक पसन्द करते हैं

(D) मुद्रा हमेशा दीर्घकालीन बॉण्ड्स की अपेक्षा अधिक प्रतिफल देती है

45. निम्न में से कौनसा विकास बैंक **नहीं** है ?

(A) नाबार्ड

(B) भारतीय औद्योगिक वित्त निगम

(C) भारतीय स्टेट बैंक

(D) भारतीय आयात-निर्यात बैंक

46. Cost push inflation occurs when the aggregate :

(A) demand curve shifts rightward

(B) demand curve shifts leftward

(C) supply curve shifts rightward

(D) supply curve shifts leftward

47. Under Statutory Liquidity Ratio :

(A) Commercial banks maintain a certain percentage of total assets in liquid form

(B) Commercial banks maintain a certain percentage of total assets in cash

(C) RBI maintains a certain percentage of total assets in liquid form

(D) Commercial banks maintain a certain percentage of total assets in cash with RBI

46. लागत प्रेरित स्फीति उत्पन्न होती है जब समग्र :

(A) माँग वक्र दाहिनी ओर झुकता है

(B) माँग वक्र बायीं ओर झुकता है

(C) पूर्ति वक्र दाहिनी ओर झुकता है

(D) पूर्ति वक्र बायीं ओर झुकता है

47. वैधानिक तरलता अनुपात में :

(A) व्यापारिक बैंक अपनी कुल परिसम्पत्तियों का एक निश्चित प्रतिशत तरल रूप में रखते हैं

(B) व्यापारिक बैंक अपनी कुल परिसम्पत्तियों का एक निश्चित प्रतिशत नकद रूप में रखते हैं

(C) भारतीय रिजर्व बैंक अपनी कुल परिसम्पत्तियों का एक निश्चित प्रतिशत तरल रूप में रखता हैं

(D) व्यापारिक बैंक अपनी कुल परिसम्पत्तियों का एक निश्चित प्रतिशत नकद रूप में भारतीय रिजर्व बैंक के पास रखते हैं

48. Main objective of selective credit control is :

(A) to prevent speculative hoarding of shares

(B) to prevent speculative hoarding of sensitive commodities

(C) to prevent bank credit to government sector

(D) to provide bank credit on selective basis

49. If K = 0.10, O = 10,000 units and M = Rs. 12,000.00, calculate average price of a unit of output from Marshallian equation of quantity theory of money :

(A) Rs. 1.20

(B) Rs. 8.33

(C) Rs. 12.00

(D) Rs. 120.00

48. चयनात्मक साख नियन्त्रण का मुख्य उद्देश्य है :

(A) शेयरों की सट्टा जमाखोरी को रोकना

(B) संवेदनशील वस्तुओं की सट्टा जमाखोरी को रोकना

(C) सरकारी क्षेत्र में बैंक साख को रोकना

(D) चयनात्मक आधार पर बैंक साख देना

49. यदि K = 0.10, O = 10,000 इकाइयाँ और M = 12,000.00 रुपये हो, तो मुद्रा परिमाण सिद्धान्त की मार्शलियन समीकरण से एक इकाई उत्पादन की औसत कीमत की गणना कीजिये :

(A) 1.20 रुपये

(B) 8.33 रुपये

(C) 12.00 रुपये

(D) 120.00 रुपये

50. Which of the following securities are traded in stock exchanges ?

(A) Govt. securities

(B) First class securities

(C) Listed securities

(D) Unlisted securities

51. Which one of the following is *not* a capital market instrument ?

(A) Debentures

(B) Shares

(C) Public Sector Bonds

(D) Treasury Bills

52. "Inflation is unjust and deflation is inexpedient. Of the two perhaps deflation is the worse." This is the view of :

(A) J.M. Keynes

(B) J.R. Hicks

(C) Marshall

(D) A.C. Pigoue

50. स्टॉक एक्सचेन्ज में निम्न में से किन प्रतिभूतियों का व्यापार किया जाता है ?

(A) सरकारी प्रतिभूतियाँ

(B) प्रथम श्रेणी की प्रतिभूतियाँ

(C) सूचीबद्ध प्रतिभूतियाँ

(D) असूचीबद्ध प्रतिभूतियाँ

51. निम्न में से कौनसा पूँजी बाजार का उपकरण नहीं है ?

(A) ऋणपत्र

(B) शेयर्स

(C) सार्वजनिक क्षेत्र के बॉण्ड

(D) ट्रेजरी बिल

52. "मुद्रा प्रसार अन्यायपूर्ण है तथा मुद्रा संकुचन अनुपयुक्त है । दोनों में सम्भवत: मुद्रा संकुचन अधिक खराब है ।" यह मत है :

(A) जे.एम. कीन्स का

(B) जे.आर. हिक्स का

(C) मार्शल का

(D) ए.सी. पीगू का

53. Which of the following is the least liquid asset ?

(A) Money

(B) Machines

(C) Shares

(D) Bonds

54. The cash reserve ratio is determined by :

(A) the market forces

(B) the commercial banks

(C) the government

(D) the monetary authority

55. Banks create credit :

(A) out of nothing

(B) on the basis of their securities

(C) on the basis of their total assets

(D) on the basis of their cash deposits

53. निम्न में से कौनसी परिसम्पत्ति सबसे कम तरल है ?

(A) मुद्रा

(B) मशीनें

(C) शेयर्स

(D) बॉण्ड्स

54. नकद कोषानुपात निर्धारित किया जाता है :

(A) बाजार की शक्तियों के द्वारा

(B) व्यापारिक बैंकों के द्वारा

(C) सरकार के द्वारा

(D) मौद्रिक प्राधिकरण के द्वारा

55. बैंक साख का निर्माण करते हैं :

(A) शून्य में

(B) अपनी प्रतिभूतियों के आधार पर

(C) अपनी कुल परिसम्पत्तियों के आधार पर

(D) अपनी नकद जमाओं के आधार पर

56. When credit is to be expanded in the economy, the Central Bank :

(A) buys securities in the open market

(B) sells securities in the open market

(C) increases Bank rate

(D) increases the cash reserve ratio

57. Apex institution for financing small scale industries is :

(A) IDBI

(B) SIDBI

(C) IFCI

(D) NABARD

56. जब अर्थव्यवस्था में साख का विस्तार करना हो तो केन्द्रीय बैंक :

(A) खुले बाजार में प्रतिभूतियाँ क्रय करता है

(B) खुले बाजार में प्रतिभूतियाँ बेचता है

(C) बैंक दर बढ़ाता है

(D) नकद कोषानुपात को बढ़ाता है

57. लघु उद्योगों की वित्त व्यवस्था की शीर्ष संस्था है :

(A) आई.डी.बी.आई.

(B) सिडबि

(C) आई.एफ.सी.आई.

(D) नाबार्ड

58. The Basel Committee on Banking supervision is related to :

(A) the problem of NPA in banks

(B) the problem of capital adequacy in banks

(C) the problem of liquidity in banks

(D) the problem of management in banks

59. The father of Statistics is called :

(A) Lord Kelvin

(B) H.G. Wells

(C) Wallis and Roberts

(D) Gottfried Achenwall

58. बैंकिंग सुपरविजन पर बासेल समिति सम्बन्धित है :

(A) बैंकों में NPA की समस्या से

(B) बैंकों में पूँजी पर्याप्तता की समस्या से

(C) बैंकों में तरलता की समस्या से

(D) बैंकों में प्रबन्धकीय समस्या से

59. सांख्यिकी का जन्मदाता कहा जाता है :

(A) लार्ड केल्विन

(B) एच.जी. वैल्स

(C) वॉलिस एवं राबर्ट्स

(D) गॉटफ्रायड एकेनवाल

60. The marks of nine students in a Geography test are given below :

47, 35, 37, 32, 38, 39, 36, 34, 35.

Find the median of this set of data values :

(A) 35

(B) 36

(C) 37

(D) 36.5

61. Which average is affected most by extreme observations ?

(A) Arithmetic mean

(B) Harmonic mean

(C) Mode

(D) Median

60. भूगोल परीक्षा में नौ विद्यार्थियों ने निम्न अंक प्राप्त किये :

47, 35, 37, 32, 38, 39, 36, 34, 35.

इन आँकड़ों से मध्यका अंक ज्ञात कीजिये :

(A) 35

(B) 36

(C) 37

(D) 36.5

61. किस औसत पर चरम अवलोकनों का सर्वाधिक प्रभाव पड़ता है ?

(A) समान्तर माध्य

(B) हरात्मक माध्य

(C) बहुलक

(D) मध्यका

62. The geometric mean of two numbers 8 and 18 shall be :

(A) 11.08

(B) 12

(C) 13

(D) 15

63. Time Reversal Test is satisfied when :

(A) $P_{01} \times P_{10} = 0$

(B) $P_{01} \times P_{10} = 1$

(C) $P_{01} \times P_{10} < 1$

(D) $P_{01} \times P_{10} > 1$

64. Demand function is $P = 15 - Q$. Calculate Marginal Revenue :

(A) –1

(B) 15

(C) $15 - 2Q$

(D) 15Q

62. दो संख्या 8 और 18 का गुणोत्तर माध्य होगा :

(A) 11.08

(B) 12

(C) 13

(D) 15

63. समय उत्क्राम्यता परीक्षण की संतृप्ति के लिये होगा :

(A) $P_{01} \times P_{10} = 0$

(B) $P_{01} \times P_{10} = 1$

(C) $P_{01} \times P_{10} < 1$

(D) $P_{01} \times P_{10} > 1$

64. माँग फलन $P = 15 - Q$ है । सीमान्त आगम की गणना कीजिये :

(A) –1

(B) 15

(C) $15 - 2Q$

(D) 15Q

65. The theory of International Trade given by Adam Smith is based on :

(A) absolute difference in costs

(B) comparative difference in costs

(C) both comparative and absolute difference in costs

(D) none of the above

66. Vertical equity in the distribution of tax burden can be best achieved by adopting :

(A) Proportional tax structure

(B) Regressive tax structure

(C) Degressive tax structure

(D) Progressive tax structure

65. एडम स्मिथ द्वारा दिया गया अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का सिद्धान्त आधारित है :

(A) निरपेक्ष लागत अन्तर पर

(B) तुलनात्मक लागत अन्तर पर

(C) तुलनात्मक लागत अन्तर और निरपेक्ष लागत अन्तर दोनों पर

(D) उपर्युक्त में से किसी पर नहीं

66. कर भार वितरण में ऊर्ध्व समता सर्वोत्तम प्रकार से प्राप्त की जा सकती है :

(A) आनुपातिक कर संरचना अपनाकर

(B) प्रतिगामी कर संरचना अपनाकर

(C) अधोगामी कर संरचना अपनाकर

(D) प्रगतिशील कर संरचना अपनाकर

67. In India the share of agriculture in GDP has declined at a very fast rate specially after economic reforms. This is due to :

(A) Lack of diversification of rural economy

(B) Slow growth in the prices of agricultural commodities

(C) Saturation of employment opportunities in the agriculture sector

(D) Slow growth rate of agriculture and fast growth rate of other sectors

68. Which one of the following is *not* an objective of food management in India ?

(A) Procurement of food grains from farmers at remunerative prices

(B) Distribution of food grains to consumers

(C) Export of food grains to earn foreign exchange

(D) Maintenance of food buffers for food security

67. भारत में GDP में कृषि का अनुपात विशेष रूप से आर्थिक सुधारों के बाद अति तीव्र गति से गिरा है, इसका कारण है :

(A) ग्रामीण अर्थव्यवस्था में विविधीकरण का अभाव

(B) कृषि वस्तुओं की कीमतों में धीमी वृद्धि

(C) कृषि क्षेत्र में रोजगार अवसरों की संतृप्ति

(D) कृषि की धीमी वृद्धि दर और अन्य क्षेत्रों की तीव्र वृद्धि दर

68. निम्नलिखित में से कौनसा एक भारत में खाद्यान्न प्रबन्धन का लक्ष्य **नहीं** है ?

(A) किसानों से खाद्यान्नों की लाभप्रद कीमतों पर खरीदारी

(B) खाद्यान्नों का उपभोक्ताओं को वितरण

(C) विदेशी मुद्रा अर्जन हेतु खाद्यान्नों का निर्यात

(D) खाद्य सुरक्षा हेतु खाद्य का सुरक्षित भण्डार रखना

69. Which one of the following types of deficit accounts for the largest share in Government of India budget ?

(A) Budgetary deficit

(B) Revenue deficit

(C) Fiscal deficit

(D) Primary deficit

70. Which of the following plans has registered the highest real growth rate in India ?

(A) Seventh Five Year Plan

(B) Eighth Five Year Plan

(C) Tenth Five Year Plan

(D) Eleventh Five Year Plan

69. भारत सरकार के बजट में निम्न में से कौनसा घाटा सबसे अधिक है ?

(A) बजट घाटा

(B) राजस्व घाटा

(C) राजकोषीय घाटा

(D) प्राथमिक घाटा

70. निम्नलिखित में से किस योजना में भारत में वास्तविक वृद्धि दर सर्वाधिक रही है ?

(A) सातवीं पंचवर्षीय योजना

(B) आठवीं पंचवर्षीय योजना

(C) दसवीं पंचवर्षीय योजना

(D) ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना

## Space for Rough Work
## कच्चे कार्य के लिए स्थान

SEAL